# संस्कृति संचालनालय, भोपाल, म.प्र.
## 1, गैस राहत एवं पूर्नवास भवन, प्रथम तल, शिवाजी नगर, भोपाल (मध्यप्रदेश)

**क्रमांक 395/सं.सं./भण्डार/2025** **भोपाल, दिनांक 09.05.2025**

**(अभिरूचि की अभिव्यक्ति का आमंत्रण)**

संस्कृति विभाग द्वारा राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इन कार्यक्रमों में उदघोषणा (एंकरिंग) करने के लिए पुरूष/महिला एंकर (उद्घोषक) की आवश्यकता होती है। इस प्रकार के कार्य करने वाले महिला/पुरूष एंकर से आवेदन आमंत्रित हैं। आवेदन जमा करने की प्रांरभ तिथि **15.05.2025** तथा अंतिम तिथि **06.06.2025** तक होगी। आवेदक को अपने आवेदन संस्कृति संचालनालय (1-शिवाजी नगर, रेडक्रास अस्पताल के पीछे, भोपाल) में नियत तिथि से पूर्व जमा करने होंगे। आवेदन का प्रारूप एवं अन्य जानकारी संचालनालय की वेबसाइट **www.culturemp.in** पर उपलब्ध है। आवेदन के साथ आवश्यक सभी दस्तावेज एवं पूर्व में किये गये कार्यक्रमों (जिसमें कार्यक्रम स्पष्ट दिखे तथा आवाज स्पष्ट आ रही हो) की वीडियो क्लिप देना आवश्यक होगा। शासकीय कार्य करने वाले उद्घोषकों में हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं पर महारत रखने वाले एंकर (उद्घोषक) को प्राथमिकता दी जायेगी। चयन के पश्चात सफल आवेदकों का पैनल बनाया जायेगा एवं भविष्य के कार्यों के संचालन का कार्य दिया जायेगा।

**उप संचालक/कार्यालय प्रमुख**